प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

31.03.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

मुख्य समाचार''

- मुख्यमंत्री ने कहा– बाल देखभाल संस्थानों में 15 वर्षों से रह रहे अनाथ बच्चों को मिलेगा बोनाफाइड हिमाचली प्रमाण पत्र प्राप्त करने का अधिकार।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर का आरोप– नई शराब नीति से 40 फीसदी राजस्व बढ़ने को लेकर राज्य सरकार ने किया झूठा दावा।
- देश व प्रदेश में हर्षोल्लास से मनाया गया ईद–उल–फितर का त्योहार–भाजपा ने गरीबों को बांटी सौगत–ए–मोदी किटें।
- औद्योगिक क्षेत्र बद्दी के भटोली कलां में भीषण अग्निकांड में अढ़ाई वर्षीय बच्ची की मौत– लगभग 40 झुग्गियां जलकर राख।

मुख्यमंत्री

प्रदेश में अनाथ बच्चों को बोनाफाइड हिमाचली प्रमाण–पत्र प्राप्त करने का अधिकार प्रदान किया गया है। राज्य सरकार ने ये निर्णय उन अनाथ बच्चों के लिए लिया है, जो पिछले 15 वर्षों से प्रदेश के बाल–देखभाल संस्थानों में रहे हैं। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बताया कि बोनोफाइड हिमाचली प्रमाण पत्र न होने से ये बच्चे कल्याणकारी योजनाओं और रोजगार के अवसरों से वंचित रह जाते थे। उन्होंने कहा कि सरकार ने गहन समीक्षा के बाद अनाथ बच्चों को ये प्रमाण पत्र जारी करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार ने 6 हज़ार अनाथ बच्चों को चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट के रूप में कानूनी मान्यता दी है और उनकी शिक्षा, देखभाल और आर्थिक कल्याण के लिए मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना लागू की गई है। इसके तहत अनाथ बच्चों को जेब खर्च के लिए हर महीने 4 हज़ार रूपये, 14 वर्ष तक के अनाथ बच्चों के लिए एक हज़ार रूपये मासिक सहायता, 15 से 18 वर्ष के बच्चों को 2 हज़ार 5 सौ रूपये प्रति माह सहायता, स्टार्टअप के लिए 2 लाख रूपये की आर्थिक मदद, आवास निर्माण के लिए तीन बीघा भूमि के साथ 3 लाख रूपये की निर्माण सहायता देने का प्रावधान किया गया है।

अग्निहोत्री

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आज हरोली विधानसभा क्षेत्र में अनेक विकास कार्यों का निरीक्षण कर अधिकारियों को तय समय में निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने अपनी घोषणाओं से जुड़े कार्यों की प्रगति का जायज़ा लिया और कहा कि जल संरक्षण व खेल सुविधाओं के

विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। अग्निहोत्री ने कहा कि राज्य सरकार विकास कार्यों में धन की कमी को आढ़े नहीं आने देगी।

जयराम

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर झूठ बोलकर लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने नई शराब नीति से 40 फीसदी आय बढ़ने को लेकर झूठा दावा किया है जबकि शराब के ठेकों की नीलामी में कई यूनिट के लिए अभी तक कोई बोली लगाने वाला सामने नहीं आ रहा है। जयराम ठाकुर ने कहा कि राज्य सरकार में शराब माफिया हावी है और यही कारण है कि शराब के ठेकों की नीलामी से राजस्व नहीं बढ़ पा रहा है। विपक्ष के नेता ने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार ने कोविड जैसी महामारी के बावजूद भी राजस्व घटने नहीं दिया था।

ईद–उल–फितर

ईद उल फितर का त्यौहार आज देश व प्रदेश में धार्मिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान लोगों ने ईदगाहों व मस्जिदों में नमाज़ अदा की और एक–दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ईद पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से उम्मीद जताई कि यह त्योहार समाज में आशा, सद्भाव और दयालुता की भावना को बढ़ाएगा। प्रदेश के अनेक स्थानों पर भी ईद का त्योहार हर्षोल्लास से मनाया गया। शिमला के ईदगाह मैदान और जामा मस्जिद मिडल बाजार में सैंकड़ों लोगों ने ईद की नमाज़ अता की। जामा मस्जिद के इमाम मोहम्मद इस्लाम ने बताया कि एक महीने तक रोजे रखने के बाद आज ईद मनाई गई और पूरे देश के लिए भाईचारे व अमन की दुआ मांगी गई।

भाजपा–ईद

ईद के मौके पर भाजपा द्वारा शिमला के बालूगंज स्थित मस्जिद में सौगात–ए–मोदी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष बिलाल अहमद शाह और पार्टी नेता रवि मेहता सहित अन्य नेताओं ने अल्पसंख्यक समुदाय के गरीब परिवारों को सौगात–ए–मोदी की किटें वितरित की। इस कार्यक्रम के तहत देशभर में भाजपा ने मुस्लिम समुदाय के गरीबों के लिए ईद के मौके पर खाने–पीने की वस्तुएं प्रदान की हैं।

शांडिल

स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने कहा है कि राज्य सरकार लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए लगातार कार्य कर रही है और अनेक स्थानों पर ट्रॉमा सेंटर बनाए जा रहे हैं। उन्होंने आज सोलन ज़िले के कथेड़ में निर्माणाधीन बहुउद्देशीय अस्पताल, तीन स्तरीय ट्रॉमा सेंटर और मातृ व शिशु अस्पताल का निरीक्षण किया। धनीराम शांडिल ने बताया कि 2 सौ बिस्तर वाले इस अस्पताल में ट्रॉमा सेंटर के साथ मातृ–शिशु इकाई का अलग से निर्माण किया जा रहा है। इस अस्पताल के निर्माण पर लगभग सौ करोड़ रूपये खर्च किए जा रहे हैं और करीब 50 फीसदी कार्य पूरा हो गया है। बाद में स्वास्थ्य मंत्री ने क्षेत्रीय अस्पताल सोलन का दौरा भी किया और उपचाराधीन रोगियों का कुशलक्षेम जाना। उन्होंने अधिकारियों को सभी मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए।

आग

सोलन ज़िले में औद्योगिक क्षेत्र बद्दी के भटोली कलां में आग लगने से प्रवासी मजदूरों की लगभग 40 झुग्गियां जलकर राख हो गई और इस आग में झुलसने से अढ़ाई वर्ष की बच्ची की भी मौत हो गई। दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाने का भरसक प्रयास किया लेकिन आग इतनी भयानक थी कि कुछ ही देर में सब कुछ जलकर राख हो गया।

नवरात्र

चैत्र नवरात्र के दूसरे दिन आज माँ दुर्गा के ब्रहमचारिणी स्वरूप की पूजा अर्चना की गई। मान्यता है कि इनकी उपासना से मनुष्य में तप, त्याग, वैराग्य, सदाचार और संयम की वृद्धि होती है। प्रदेश में स्थित मां दुर्गा के सभी शक्तिपीठों सहित अन्य मंदिरों में श्रद्धालुओं ने मां के समक्ष शीश नवाया और आशीर्वाद लिया। दूसरे राज्यों से भी चैत्र नवरात्र को लेकर प्रदेश में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मां के दर्शनों के लिए पहुंच रहे हैं। प्रशासन की ओर से मंदिरों में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। शिमला के तारादेवी मंदिर के लिए राज्य पथ परिवहन निगम द्वारा नवरात्रों को लेकर विशेष बसें चलाई गई हैं। मंदिरों में चल रहे भजन कीर्तन से सारा वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। सोलन के माता शूलिनी मंदिर में भी श्रद्धालुओं की भीड़ है। भक्तों का कहना है कि माता शूलिनी उनकी मनोकामना पूरी करती है।

हर्षवर्धन

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा है कि सिरमौर ज़िले में पच्छाद तहसील की 13 पंचायतों को पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए पेयजल योजना के निर्माण पर साढ़े 22 करोड़ रूपये से अधिक की राशि खर्च की जा रही है। उन्होंने आज मां नगरकोटी मेले के समापन अवसर पर शिरकत की और बताया कि द्रावली और दांडो–देवरिया पंचायत के लोगों के लिए भी 8 करोड़ रूपये की लागत वाली पेयजल योजना का निर्माण कार्य प्रगति पर है। हर्षवर्धन चौहान ने नारग पंचायत में भवन निर्माण के

लिए एक करोड़ 16 लाख, वासनी स्कूल के परीक्षा हॉल के लिए 50 लाख और उपतहसील नारग की सड़क को पक्का करने के लिए 10 लाख रूपये देने की घोषणा की।

हॉकी

उत्तर प्रदेश के झांसी में 4 से 14 अप्रैल तक होने वाली राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आज हिमाचल की वरिष्ठ हॉकी टीम ऊना से रवाना हुई। हॉकी हिमाचल के अध्यक्ष व विधायक रणवीर सिंह निक्का और ज़िला हॉकी फैडरेशन के अध्यक्ष व विधायक सतपाल सिंह सत्ती ने खिलाड़ियों को खेल किटें प्रदान कर रवाना किया। निक्का ने उम्मीद जताई कि प्रदेश के खिलाड़ी इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करेंगे।

मुख्य समाचार एक बार फिर''

- मुख्यमंत्री ने कहा– बाल देखभाल संस्थानों में 15 वर्षों से रह रहे अनाथ बच्चों को मिलेगा बोनाफाइड हिमाचली प्रमाण पत्र प्राप्त करने का अधिकार।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर का आरोप– नई शराब नीति से 40 फीसदी राजस्व बढ़ने को लेकर राज्य सरकार ने किया झूठा दावा।
- देश व प्रदेश में हर्षोल्लास से मनाया गया ईद–उल–फितर का त्योहार–भाजपा ने गरीबों को बांटी सौगत–ए–मोदी किटें।
- औद्योगिक क्षेत्र बद्दी के भटोली कलां में भीषण अग्निकांड में अढ़ाई वर्षीय बच्ची की मौत– लगभग 40 झुग्गियां जलकर राख।